**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 12.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रेल मंत्रालय ने रांची और पलामू होते हुए अयोध्या और लखनऊ के लिए एक नई ट्रेन को दी मंजूरी, पलामू सांसद ने लोकसभा में रखी थी मांग।**

2. **राज्य सरकार ने 16 आइएएस अधिकारियों का किया तबादला, ऊर्जा, ग्रामीण विकास, खाद्य आपूर्ति और आपदा प्रबंधन समेत कई विभागों के सचिव बदले।**

3. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता, लातेहार से तीन उग्रवादी हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार।**

4. **अलकतरा घोटाला मामले में रांची सीबीआई की अदालत ने गढ़वा विधायक के खिलाफ आरोप किया तय, 20 फरवरी से शुरु होगी गवाही।**

5. **दुबई में फंसे झारखंड के 11 प्रवासी मजदूरों की हुई सकुशल वापसी, सरकार के समक्ष स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार की रखी मांग।**

*************************

रेल मंत्रालय ने पुरुलिया से आनंद विहार के लिए नई साप्ताहिक ट्रेन की घोषणा की है। यह ट्रेन रांची, लोहरदगा, टोरी, डालटनगंज होते हुए अयोध्या धाम और लखनऊ तक चलेगी। पलामू सांसद बी.डी. राम की पहल पर शुरू हुई इस सेवा से लखनऊ के अस्पतालों और अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

*************************

राज्य सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 16 आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस फेरबदल में ऊर्जा, ग्रामीण विकास, परिवहन और खाद्य आपूर्ति जैसे महत्वपूर्ण विभागों के सचिवों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

*************************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। लातेहार में पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के दौरान 50 हजार के इनामी उग्रवादी आदेश गंझू सहित तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, कारतूस और नक्सली पर्चे बरामद हुए हैं। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि आदेश गंझू पर रांची, लातेहार और चतरा में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

*************************

झारखंड के आगामी बजट सत्र को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। भाजपा खराब कानून–व्यवस्था, विकास योजनाओं की सुस्त रफ्तार और जमीन विवादों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। पार्टी विधायक मंजू देवी ने आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

वहीं,सत्तापक्ष ने बजट सत्र को काफी अहम बताया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह राज्य की प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

*************************

धनबाद के जिला खनन विभाग ने बीसीसीएल, इसीएल,सेल और टाटा स्टील जैसी प्रमुख कोयला कंपनियों को 18 हजार 385 करोड़ रुपये का बकाया राजस्व जमा करने का नोटिस जारी किया है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि यह कार्रवाई वर्ष 2000 से 2010 के बीच निर्धारित क्षेत्र से अधिक कोयला उत्खनन के मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई है।

************************

गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर रांची सीबीआई अदालत ने अलकतरा घोटाले में आरोप तय किए हैं। उन पर 7 करोड़ रुपये के सड़क ठेके में 61 फर्जी बिलों के जरिए 2 करोड़ 24 लाख की अवैध निकासी का आरोप है। इस मामले में 20 फरवरी से गवाही शुरू होगी, जिसमें सीबीआई गवाह पेश करेगी।

************************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने रांची में झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी, जेएसएलपीएस की 7वीं शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य में महिलाओं के नेतृत्व वाली कृषि को बढ़ावा देने के लिए माइक्रो–लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं को वर्तमान के 10 प्रखंडों से बढ़ाकर 50 प्रखंडों तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस अब एक स्वतंत्र सोसाइटी के रूप में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करेगी।

************************

दुबई में फंसे झारखंड के 11 प्रवासी मजदूर सकुशल घर लौट आए हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर कल समाजसेवी सिकन्दर अली ने उन्हें रिसीव कर घर वापसी के लिए रवाना किया। वतन वापसी पर खुशी जताते हुए मजदूरों ने स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार की मांग की ताकि उन्हें मजबूरी में विदेश न जाना पड़े।

************************

दुमका के बाबा वासुकिनाथ धाम में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। मंदिर के पट सुबह 3 बजे खुलेंगे, जबकि तीन सौ रुपये की रसीद पर शीघ्र दर्शन की सुविधा सुबह 5 बजे से मिलेगी। सुरक्षा के लिए गर्भगृह में भारी बर्तन और श्रृंगार पूजा प्रतिबंधित रहेगी। उत्सव में भव्य शिव बारात और झांकी मुख्य आकर्षण होंगे।

************************

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 15 फरवरी को रांची और देवघर में आयोजित होने वाली शिव बारात के लिए आमंत्रित किया गया है। पहाड़ी मंदिर महासमिति के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया और तैयारियों की जानकारी साझा की।

************************

राज्य में सुबह और रात के समय कनकनी बरकरार है, जबकि दिन में तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक आसमान साफ रहेगा, लेकिन एक नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

************************

मिदनापुर में आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में रांची विश्वविद्यालय ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को पेनाल्टी शूटआउट में 4–3 से हराया। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहा। इसके बाद विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ।

************************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में तेज रफ्तार गाड़ी द्वारा छह लोगों को कुचले जाने की खबर को पहने पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– रात 10 बजे... साउथ रेलवे कॉलोनी में बेकाबू एसयूवी ने छह को कुचला, एक की मौत।

**हिन्दुस्तान** झारखंड हाईकोर्ट के हवाले से लिखता है– आरआरडीए नक्शा पास के लिए अधिकृत।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– नये श्रम कानून के खिलाफ हड़ताल आज, बैंकिंग व कोयला सेक्टर में दिखेगा प्रभाव।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– अब वाट्सएप वेब से भी कर सकेंगे वॉयस और वीडियो कॉल।

*************************